मा० भा० त

महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

दिनांकः–13.02.2026

पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2026 / 19908 - 19913

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
बरेली व मुरादाबाद मण्डल के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः–'सड़क सुरक्षा मित्र कार्यक्रम' के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों की सहभागिता के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय के पत्र संख्या स0 40–09 / रा0से0यो0 / क्षे. नि / लख / 2025–26 / 14946–15013, दिनांक 13 मार्च, 2026, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा युवाओं के माध्यम से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु 'सड़क सुरक्षा मित्र कार्यक्रम' (SSMP) का शुभारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य चयनित 100 उच्च–जोखिम वाले जिलों में युवाओं को प्रशिक्षित कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और जमीनी स्तर पर दुर्घटना स्थलों का अध्ययन करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को उनकी अनुशासित और व्यापक उपस्थिति के कारण इस महत्वपूर्ण जहल में माय भारत पोर्टल के माध्यम से 'सड़क सुरक्षा मित्र' के रूप में शामिल किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें संदर्भित जिले के मूल निवासी 18 से 28 वर्ष के चयनित स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा ऑडिट, क्रैश साइट मैनेजमेंट और डेटा एनालिटिक्स (eRAR/iRAD) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। तथा स्वयंसेवकों को आवश्यक उपकरण जैसे जैकेट, फर्स्ट एड किट, हेलमेट और यातायात बैटन आदि प्रदान किए जाएगें। इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि (विशेषकर सिविल) वाले छात्रों को तकनीकी कार्यो हेतु प्राथमिकता दी जाएगी।

अतः उक्त के सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय / महाविद्यालयों की रा0से0यो0 ईकाईयों के स्वयंसेवकों के माध्यम से कार्यक्रम को प्राथमिकता देते हुए जागरूकता गतिविधियां आयोजित कराना सुनिश्चित करें। तथा उक्त कार्यक्रम की आख्या / रिपोर्ट (फोटो ग्राफ्स एवं पेपर कंटिग सहित) इस कार्यालय की ई–मेल आई0डी0 nssmjprubly@gmail.com, पर भेजना सुनिश्चित करें।

संलग्न–यथोक्त।

भवदीय

प्रो0 सोमपाल सिंह
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. क्षेत्रीय निदेशक, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवॉ तल, हाल न0–1 सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ। 226024
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी रा0से0यो0को0 उच्च शिक्षा विभाग कक्ष संख्या–55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ। 226001
3. कुलसचिव के संज्ञानार्थ।
4. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइड पर अपलोड करने हेतु।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना